## महत्वपूर्ण न्यूज

### अंतरराष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों ने सीएम से की मुलाकात



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड से चयनित अंतरराष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल खिलाड़ियों ने मुलाकात की। खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मलेशिया में आयोजित पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम के पुरुष और महिला दोनों वर्गों ने स्वर्ण पदक जीता है। भारतीय पैरा थ्रो बॉल टीम के महिला वर्ग में झारखंड से अनीता तिर्की, तारामणि लकड़ा, महिमा उरांव, प्रतिमा तिर्की एवं अंसुता टोप्पो शामिल थीं। पुरुष वर्ग में मुकेश कंचन एवं सनोज महतो शामिल थे। मुख्यमंत्री के समक्ष खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रतियोगिता में झारखंड से चयनित सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। इस अवसर पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पैरा थ्रो बॉल एसोसिएशन झारखंड के पदाधिकारी और झारखंड से चयनित सभी खिलाड़ी उपस्थित थे।

### रांची पहुंचे रघुवर दास, हुआ स्वागत

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का रांची हवाई अड्डा पर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उन्हें दोबारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर यह स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें अंग वस्त्र व बुके देकर बधाई दी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को स्वागत करने में रांची हवाई अड्डा पर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जयसवाल, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, महामंत्री वरुण साहू, बलराम सिंह, शिवजी सिंह, संजय पोद्दार, जॉनी वाकर खान, शुभम जयसवाल, कौशल केसरी, रणधीर सिंह, अरविंद तिवारी, रितिक कुमार, आशीष कुमार, शैलेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### पहाड़ी बाबा की संध्या भव्य महाआरती



**रांची (आजाद सिपाही)।** आयोजक नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि श्रावण मास की चौथी सोमवारी के दिन रांची के सुप्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार के पास रांची शहर के तमाम धार्मिक और सामाजिक संगठनों के द्वारा संध्या 5 बजे पहाड़ी बाबा की 101 दीयों और फूलों से भव्य महाआरती की गयी। महाआरती में मुख्य रूप से भारतेंदु कुमार, डॉ मुकेश सिंह, उज्जवल कुमार सिन्हा, सचिन कुमार, शेरू सिंह, शैलेश्वर दयाल सिंह, बंटी सिंह, जितेंद्र सिंह उपस्थित रहे। महाआरती के बाद बोल बम के नारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो गया।

### हजारीबाग टेबल टेनिस टीम की अभ्यास और मेहनत रंग लायेगी : रूचि कुजूर



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2023 साहिबगंज के चांद भैरव इंडोर स्टेडियम में 4 अगस्त से 6 अगस्त तक होगी। इसमें हजारीबाग जिला टेबल टेनिस संघ की 10 सदस्यीय टीम भाग लेगी। इसमें हजारीबाग से सत्यम सुधांशु, प्रतीक अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, अनमोल राज, आदित्य कुमार, समित काशलीवाल, मुकुंद बादल, अर्णव अग्रवाल, राजवीर गोयल, अन्वी गोयल भाग लेंगे। खेल संघ की कार्यकारी अध्यक्ष रुचि कुजुर ने कहा कि हजारीबाग टेबल टेनिस की टीम मजबूत है। ये खिलाड़ी राज्य में हजारीबाग का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर सचिव भैया मुरारी सिन्हा, सह सचिव अनुप राजेश लकड़ा,अंतरराष्ट्रीय अंपायर रविंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष अमित मल्होत्रा, बहादुर राम, कोच ज्योति यादव उपस्थित थे।

### जरूरतमंद का जीवन बचानेवाला सबसे बड़ा दान है रक्तदान: भगवान सिंह



**रांची/जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी द्वारा आयोजित मेगा स्वास्थ्य जांच सह रक्तदान शिविर में जमशेदपुर के संगत ने अवसर का लाभ उठाया। रविवार सीजीपीसी कार्यालय में आयोजित शिविर में 106 नेत्र जांच, 78 रक्त जांच और 117 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय और कोल्हान के रिटायर्ड पूर्व आयुक्त विजय सिंह ने शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया। सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने सर्वप्रथम रक्तदान कर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। मेगा शिविर में उमड़ी भीड़ में 106 लोगों ने अपने नेत्रों की जांच करवायी जबकि 78 लोगों ने रक्त जांच तथा 117 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। डॉ निशा चौधरी, डॉ स्तुति केडिया, डॉ मीनल खिरिया सुगंधि, डॉ सौरव बनर्जी एवं डॉ रोहित कुमार झा, ब्लड टेस्ट लैब टेक्नीशियन एसआरके कमलेश ने किया। राघव के नेतृत्व में एमजीएम अस्पताल की टीम आयी थी।

### इक्फाई विवि ने काउंसिलिंग और स्पॉट नामांकन की तिथि घोषणा की

**रांची (आजाद सिपाही)।** इक्फाइ विश्वविद्यालय, झारखंड ने अपने दलादाली परिसर में सभी यूजी/पीजी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए 7 से 12 अगस्त 2023 तक सीयूईटी-2023 शॉर्टलिस्ट किये गये उम्मीदवारों के लिए काउंसिलिंग और स्पॉट एडमिशन तिथियों की घोषणा की है। प्रो डॉ रमण कुमार झा, कुलपति, इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड ने कहा कि हमारा प्रयास हमारे छात्रों के सर्वांगीण विकास के सभी पहलुओं पर है और उन्हें वे सभी रास्ते दिखाते हैं। रजिस्ट्रार प्रो अरविंद कुमार ने कहा, काउंसिलिंग और स्पॉट एडमिशन 7 अगस्त से 12 अगस्त तक सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक दलादाली, रिंग रोड, रांची में स्थित विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जायेगा। इसमें एमबीए, बीबीए और बीबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) कार्यक्रमों के लिए 7 और 8 अगस्त को बीए-एलएलबी और बीबीए-एलएलबी कार्यक्रमों के लिए 9 और 10 अगस्त 23 को बीटेक, बी.टेक (लेटरल एंट्री), बीसीए, बीसीए (डीएस एंड एआइ) और बीसीए (साइबर सुरक्षा) कार्यक्रमों के लिए 11 और 12 अगस्त निर्धारित है।

## बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर साधा निशाना

# विधायक इरफान अंसारी ने पोछा माथे पर लगा तिलक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बाबूलाल मरांडी के एक ट्वीट की वजह से चर्चा में हैं। बाबूलाल मरांडी ने एक वीडियो ट्वीट किया, जिसमें इरफान अंसारी मंदिर में तिलक लगाने के बाद पहले अपने हाथ से फिर उसे अपने गमछे से पोछते नजर आ रहे हैं।

**बाबूलाल के ट्वीट में क्या है**

बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट करते हुए लिखाः कुछ भोले हिंदुओं ने कांग्रेस विधायक को मंदिर में बुलाया और उन्हें तिलक लगा दिया। एक मिनट भी नहीं लगा, जब विधायक जी ने सबके सामने ही वह तिलक अपने माथे से पोछ डाला और बाद में हिंदुओं से कहा 'आप लोग वोट नहीं भी देंगे, तब भी हम जीत जायेंगे'। चिंता मत कीजिए इरफान जी, झारखंड की जनता इस बार आप लोगों की इस घटिया मानसिकता का जवाब जरूर देगी। वीडियो में इरफान अंसारी साफ कहते नजर आ रहे हैं कि आप लोग वोट दें या ना दें हमारे लोगों का वोट बैंक ज्यादा है। 40 हजार वोट का मार्जिन है।

**क्या बोले इरफान अंसारी**

विधानसभा सत्र के दौरान जब पत्रकारों ने इस वीडियो के संबंध में इरफान अंसारी से सवाल किया, तो इरफान अंसारी ने इस वीडियो को फेक बताते हुए कहा, बाबूलाल मरांडी ने पता नहीं कौन सा वीडियो एडिट किया है मुझे कब किसने टीका लगाया। सदन में मैं चुनरी ओढ़ कर आया हूं, आखिर बाबूलाल मरांडी ने ऐसा क्या देख लिया। उन्होंने कहा, भाजपा में जाकर पता नहीं बाबूलाल मरांडी को क्या हो गया। भाजपा से पहले वह भी सेक्यूलर नेता थे। इरफान अंसारी ने कहा, देखिए बाबूलाल जी मैं टीका और चुनरी के साथ आया हूं ,यह रिगार्ड ऑफ हनुमान है।

बाबूलाल के इस ट्वीट का ट्वीट से भी इरफान ने दिया है। इरफान अंसारी ने इससे जुड़ा वीडियो शेयर किया, जिसमें पूरी बात सुनाई दे रही है। इस वीडियो को ट्वीट करते हुए इरफान ने लिखा, बाबूलाल जी राजनीति में अपना स्तर इतना मत गिरा लें कि लोग आपको देखना पसंद ना करें। मेरे वीडियो को क्रॉप कर गलत संदेश देने का काम किया। लोगों ने मुझे सम्मान देकर मंदिर निर्माण कराने का आग्रह किया। वहां काफी गर्मी थी और मैं अपना चेहरा पोछ रहा था, लेकिन वाह रे जालसाज। काली मां को बख्श दीजिए।

## आमया का मुस्लिम इंटेलेक्चुअल मीट संपन्न

# मुसलमानों की स्थिति पर रोष 10 सूत्री मांग पत्र जारी किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सवाल और मुसलमानों के मुद्दों पर मंगलवार को प्रेस क्लब रांची में आमया संगठन द्वारा मुस्लिम इंटेलेक्चुअल मीट का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता करते हुए एस अली ने कहा कि स्थानीय और नियोजन नीति के बिना झारखंड अधूरा है। इसकी मांग झारखंडियों के हक-अधिकार, रोजगार और विकास से जुड़ी है, बिना इसे लागू किये नियुक्ति शुरू करना झारखंडी युवाओं के अधिकार छीनने जैसा है।

उन्होंने कहा कि बिहार पुनर्गठन अधिनियम 2000 के तहत झारखंड के मुसलमानों को जो अधिकार मिलना था, उससे वंचित किया गया है। संथाल परगना के जहरीउद्दीन अंसारी ने कहा कि संथाली मुस्लिम की स्थिति दयनीय है। पूरे संथाल परगना प्रमंडल के मुस्लिम क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और बड़ी आबादी रोजगार के लिए दूसरे राज्य पलायन करती है। कोल्हान प्रमंडल के आमिर रसीद ने कहा कि 23 वर्षों में भी झारखंड के मुसलमानों के उनके अधिकार से जुड़े मसले हल नहीं हो पाये, बल्कि बेरोजगारी और भेदभाव बढ़ा। लोग न्याय के लिए ठोकरें खा रहे हैं। बोकारो के अनवर राही ने सरकार द्वारा पिछले वर्ष 544 उर्दू स्कूलों को नियम विरुद्ध तरीके से सामान्य विद्यालय बनाये जाने पर सवाल उठाया। इस मौके पर 10 सूत्री मांग पत्र जारी किया गया। मीट में जियाउद्दीन अंसारी, नौशाद आलम, इमरान अंसारी, एकराम हुसैन, औरंगजेब आलम, शाहिद अफरोज, आफताब आलम, जावेद अंसारी, मोदस्सीर अहरार, अबु रेहान, मो हारिश सहित कई अन्य ने अपनी बातें रखी।

# जागरूकता सह संवेदीकरण कार्यक्रम



**रांची (आजाद सिपाही)।** सेंटर फॉर एडिक्शन साइकियाट्री और डीडीएपी (ड्रग डी- एडिक्शन प्रोग्राम) ने ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची में अत्यधिक स्मार्टफोन/ इंटरनेट उपयोग और स्कूल जाने वाले बच्चों में संबंधित मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों पर एक जागरूकता सह संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम सीआइपी के निदेशक डॉ बी दास, डॉ एसके मुंडा, नोडल अधिकारी, डीडीएपी, सीआईपी और डॉ. सौरव खानरा, प्रभारी, एडिक्टिव बिहेवियर क्लिनिक, सीआईपी की देखरेख में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की अकादमिक निदेशक सिमी मेहता भी शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची के प्राचार्य राज किशोर के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बात की और सीआइपी के प्रतिनिधियों का परिचय दिया। डॉ एसके मुंडा, मनोचिकित्सा के एसोसिएट प्रोफेसर, व्यसन मनोचिकित्सा केंद्र के प्रभारी और नोडल अधिकारी, डीडीएपी, सीआइपी, ने कार्यक्रम का अवलोकन दिया और अत्यधिक स्मार्टफोन/इंटरनेट उपयोग से संबंधित शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों पर प्रकाश डाला। दिन के वक्ता विष्णु और सुश्री प्रिया, प्रशिक्षण और क्षेत्र समन्वयक, डीडीएपी, सीआईपी, ने बच्चों में स्वस्थ और अस्वास्थ्यकर व्यवहार के बारे में बात की और अच्छे मानसिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने बच्चों में नैतिक मूल्यों और अच्छी आदतों के महत्व के बारे में भी बात की। डीडीएपी कर्मचारी, डॉ अभिजीत, श्री एलेक्स, कामेंद्र, पंकज और पुष्पा ने प्रश्न-उत्तर सत्र में भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन सोनिका गारी ने किया।

# वेद और गीता पर विश्व रिसर्च कर रहा है : पंडित रामदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजकल लोग खाने-पीने कि तुलना शिव और दुर्गा जी से करते हैं और जब शिव और दुर्गा की तरह समाज कल्याण की जिम्मेदारी निभानी होती है, तो पुरुषार्थ विहीन हो जाते हैं। यह बातें राम-जानकी मंदिर बरियातू में आयोजित श्रीमद्देवीभागवत की कथा में पं रामदेव पांडेय ने कहीं। उन्होंने कहा कि छद्मई भक्त कहते हैं कि हमारे शिव, कृष्ण, दुर्गाजी जो करती हैं, हम वहीं खाते-पीते हैं। शिवजी गांजा भांग लेते हैं। दुर्गाजी मधु पीती हैं, तो हम भी पीते हैं। शिवजी जहर पीते हैं और अमर हैं। सांप लपेटे हैं। कानों में बिच्छू का कुंडल है। दिगंबर भी है। श्मशान में रहते हैं, तो तुम शिव की तरह रहो और करो। दुर्गा जी मधु पीती हैं, दुर्गाजी फाइटर्स हैं। विदुषी हैं और ब्रह्मचारिणी हैं, आज कल बेटे बेटियां अल्कोहल को मधु कह कर पीती हैं और समाज तथा राष्ट्र को मुश्किलों में डाल देती हैं। जो मधु दुर्गा पीती हैं, द्वारिका के यदुवंशी पीते थे, वह अल्कोहल नहीं है, वह है




मधुपर्क, जो कांसा के कटोरे में बनता है। उसका समिश्रण है मधु का। आधा घी, घी का आधा दूध, दुध का आधा दही और दही का आधा गुड़ से जो पेय बनता है, यह पेय पंचामृत और मधु कहलाता है। सनातन के हजारों ग्रंथ और करोड़ों देवता हैं। इसमें हरि भी अनंत हैं और इनकी कथा भी है, जबकि पश्चिम के कथित धर्म के पास जो एक ग्रंथ है, उसमें ओल्ड और न्यू हुए। एक ग्रंथ को लेकर विश्व में विवाद है और न्यायलय में सैकड़ों विवाद अटके हैं, जबकि वेद और गीता पर विश्व नासा और इसरो रिसर्च कर रहा है। यही है सनातन का गौरव।

# श्री श्याम मंदिर में श्री महाशिव पुराण कथा का भव्य आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** श्री श्याम मंडल, रांची के तत्वावधान में अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को श्री महाशिव पुराण कथा का भव्य आयोजन का शुभारंभ हुआ। प्रातः मंदिर में आचार्य श्याम सुंदर भारद्वाज के नेतृव में मुख्य यजमान रमेश चंद्र सरवस्त के द्वारा गणेश पूजन, नव ग्रह पूजन इत्यादि के पश्चात अपराह्न 3 बजे 51 महिलाओं द्वारा स्वर्णरेखा नदी से संचित किये गये जल का कलश मस्तक पर लेकर मंदिर के लिए प्रस्थान किया साथ में ही महाशिवपुराण को मुख्य यजमान द्वारा अपने मस्तक पर रख कर ससम्मान श्री श्याम मंदिर में लाया गया। साथ में ही मंदिर में व्यास पीठ पर महाशिवपुराण को सुशोभित कर पूजन किया गया।

इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला के स्वागत भाषण के पश्चात मंडल के संरक्षक सुरेश चंद्र पोद्दार द्वारा श्री श्याम मंडल के नाम से यू ट्यूब चैनल को लॉन्च किया, जिसमें हमेशा मंडल द्वार आयोजित कार्यक्रमों का प्रसारण निरंतर होता रहेगा। इसके पश्चात कथा व्यास के रूप में व्यास पीठ पर विराजमान स्वामी परीपूर्णानंद द्वारा महाशिवपुराण का व्याखान प्रारंभ की। उन्होंने ने पुराण की श्रोत पाठ के साथ शिव भक्ति, शिव पुराण की महिमा, सत्संग की महिमा, मानव जीवन में भगवान शिव का महत्व एवम जीवन में शिवत्व की प्राप्ति कैसे हो के बारे में बताया गया। आज की कथा का समापन करते हुए बुधवार के व्याख्यान में विधेश्वर संहिता के महत्व के बारे में वर्णन किया जायेगा। कथा के समापन के पश्चात नगर के प्रसिद्ध चिकत्सक डॉक्टर एसएस नारनोली द्वारा सह परिवार के साथ महाशिवपुराण की समापन आरती की गई इसके पश्चात प्रसाद वितरण के साथ आज के प्रथम दिवस का कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में अशोक लाठ, विवेक ढांढनीयां, धीरज बंका, गौरव परसरामपुरिया, प्रदीप अग्रवाल , विकाश पाड़िया, अजय साबू, प्रमोद बगड़िया, ज्ञान प्रकाश बागला, नितेश केजरीवाल एवम बालकिशन परसरामपुरिया का सहयोग रहा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सरला बिरला स्कूल की प्राचार्या को मिला प्रिंसिपल ऑफ द ईयर पुरस्कार



**रांची (आजाद सिपाही)।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची की प्राचार्या परमजीत कौर को शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उद्यमशीलता, उपलब्धियों और प्रतिबद्धता के लिए वुमन लीडर्स फोरम-2023 द्वारा स्कूल विकास में उत्कृष्टता के लिए प्रिंसिपल ऑफ द ईयर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उनके सक्षम मार्गदर्शन और परिश्रम ने छात्रों को निरंतर विकास की ओर अग्रसर किया है। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासन प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने प्राचार्या को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को उनके जैसे दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता की आवश्यकता है। प्राचार्या परमजीत कौर ने इस सम्मान के लिए वुमन लीडर्स फोरम का आभार व्यक्त किया । उन्होंने स्कूल के विकास में योगदान के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

### राज्यपाल से मिले प्रो सुरेश सिंह




**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रो सुरेश सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष भूगर्भ विज्ञान विभाग और वीर कुंवर सिंह विवि आरा बिहार के पूर्व कुलपति ने मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में भेंट किये। प्रो सिंह ने अपनी पुस्तक प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन को राज्यपाल को प्रदान किये। इस अवसर पर प्रो सिंह ने झारखंड राज्य में शिक्षा की दशा और दिशा पर राज्यपाल से विस्तृत रूप से चर्चा की। विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की कमी, विश्वविद्यालय सेवा आयोग का गठन नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 को लागू करने इत्यादि विषयों पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने शिक्षा के विकास पर हर संभव मदद करने की बात कही।

### रियालिटी शो इंडियाज टैलेंट मंच हुनरबाजी का हुनर अब दुनिया देखेगी



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड की राजधानी रांची में होने जा रहा है सबसे बड़ा रियालिटी शो इंडियाज टैलेंट। जितना बड़ा, हुनर उतना बड़ा मंच। इस मंच का कहना है कि हुनरबाजी का हुनर अब दुनिया देखेगी। रांची में इंडियाज टैलेंट मंच का पहला ऑडिशन 27 अगस्त को और रामगढ़, चाइबासा, दुमका, हजारीबाग, जमशेदपुर धनबाद और अन्य शहरों में होने जा रहा है। इसमें सिंगिंग, डांसिंग, मॉडलिंग, कॉमेडियन, एक्टिगं, मैजिशियन और अनेक प्रकार के टैलेंट को दिखाने का मौका मिलेगा। विशेष जानकारी के लिए इंडियाज टैलेंट मंच के चेयरमैन सरिता सिंह, ऑर्गेनाइजर रोहित राज एवं को-फाउंडर रवि विराट से संपर्क कर सकते हैं। रवि विराट का कहना है कि यह मंच जितने भी टैलेंटेड बच्चे और युवा जिसको अपने टैलेन्ट को आज तक दिखाने का मौका नहीं मिला। एक्टिंग, मैजिशियन एवं अनेकों प्रकार के टैलेन्ट को दिखाने का कर मौका मिलेगा। जिसकी प्रतिभा आज तक दुनिया के सामने नहीं आयी वैसी प्रतिभा को यह मंच दिखाने का काम करेगी। आप सभी झारखंड वासियों से अपील है कि इस तरीके के टैटोबंड और प्रतिभावान बच्चों की मंच तक पहुंचाने में मदद करें। अपना रजिस्ट्रेशन करें। इस कार्यक्रम में चेयरमैन सरिता सिंह, ऑर्गनाइजर रोहित राज, कोफाउंडर रवि विराट, विन्नी सिन्हा, मैकअप आर्टिस्ट स्नेहा, सुनीता, लिसा शामिल थीं।

### बैंक ऑफ इंडिया ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले स्टाफ को किया सम्मानित



**रांची (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड ने मंगलवार को अपने पांचों अंचलों; रांची, जमशेदपुर, बोकारो, धनबाद और हजारीबाग के लिए राज्य स्तर पर आयोजित मार्केट चैंपियन अभियान में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शाखा प्रमुख, मार्केटिंग प्रमुख, ऋण प्रसंस्करण केंद्र प्रमुख, उप आंचलिक प्रबंधक और आंचलिक प्रबंधक को सम्मानित किया। बैंक ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि आज हमने पूर्व में किए प्रदर्शन के आधार पर 58 स्टाफ सदस्यों को सम्मानित किया। साथ ही साथ आज हमने नयी व्यवसाय रणनीति के तहत 'ग्लिटिरिंग स्टार्स ऑफ झारखंड (झारखंड के उभरते सितारे) नाम से एक नए खिताब की शुरूआत की है। जिसका मुख्य उद्देश्य दूसरी तिमाही में विभिन्न पैरामीटर जैसे कि खुदरा, कृषि, एसएमई इत्यादि क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर स्टाफ सदस्यों को पुरस्कृत किया जाएगा। महाप्रबंधक मनोज कुमार ने जोर देकर कहा कि हमारा एकमात्र उद्देश्य झारखंड वासियों को ऋण उपलब्ध कराकर उनको कारोबार में मदद करना है, उनके निजी जरूरतों और मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखकर अपनी सेवाएं देनी हैं। बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से झारखंड के विकास में सक्रिय योगदान करना है। रणवीर सिंह, उप महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति-झारखंड ने सभी विजेताओं को बधाई दी और नये व्यवसाय की अभूतपूर्व सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर श्री संजीव कुमार सिंह, आंचलिक प्रबंधक, रांची अंचल, जी के चौदापुनिदी, आंचलिक प्रबंधक,बोकारो अंचल, विरेंद्र कुमार पांडेय, आंचलिक प्रबंधक, धनबाद अंचल, बी वी के किशोर, आंचलिक प्रबंधक, हजारीबाग अंचल, के एस वी चंद्रमौलि, आंचलिक प्रबंधक, जमशेदपुर समेत पूरे झारखंड से बैंक के स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 02 अगस्त 2023
www.azadsipahi.in
08

# टोल प्लाजा पर समझौता के बाद आजसू नेताओं की भूख हड़ताल खत्म



**बुंडू सीओ ने जूस पिलाकर भूख हड़ताल तोड़वाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बुंडू।** रांची-टाटा रोड पर बुंडू टोल प्लाजा में अब पांच परगना के सोनाहातू तमाड़, बुंडू, राहे और अड़की प्रखंड के 20 किलोमीटर परिधि के निजी वाहनों का टोल टैक्स फ्री कर दिया गया एवं टोल प्लाजा में स्थानीय लोगों को योग्यता के अनुसार काम में रखने सहित तीन सूत्री मांग लेकर आजसू पार्टी के बैनर तले दो दिन से चल रहे धरना एवं भूख हड़ताल मंगलवार को टोल प्रबंधक व आजसू पार्टी के साथ समझौता कर समाप्त हुआ। सभी को सीओ बुंडू द्वारा जूस पिलाकर भूख हड़ताल तोड़वाया गया। पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष राज किशोर कुशवाहा, केंद्रीय सचिव संजय कुमार महतो, बुंडू जिला परिषद परमेश्वरी सांडिल्य, जिला सचिव दिलीप चंद्र कोइरी, तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता एवं बुंडू खेल प्रकोष्ठ के प्रभारी मोहम्मद सेराज की उपस्थिति में टोल प्लाजा प्रबंधक नितिन भारद्वाज एवं अंचल अधिकारी राजेश डुंगडुंग के बीच सहमति से धरना एवं भूख हड़ताल समाप्त हो गया। दो दिन के धरना एवं भूख हड़ताल से टोल प्लाजा में टोल उगाही पूर्णतः ठप था, जिससे कंपनी को प्रति घंटा 60 से 70 हजार रुपए का नुकसान हो रहा था। धरना एवं भूख हड़ताल में कई बार ऐसे भी दौर आया जहां पार्टी और पदाधिकारियों की वार्ता विफल रही आजसू पार्टी द्वारा सोमवार से भूख हड़ताल किया गया था बुंडू एसडीएम अजय साव ने अपने बयान में कहा था कि टोल माफ करना कंपनी की नीतिगत फैसला है आज उसी दिशा में आजसू पार्टी के रांची जिला उपाध्यक्ष राज किशोर कुशवाहा के नेतृत्व में नितिन भारद्वाज एवं बुंडू सीओ राजेश डुंगडुंग के बीच एक सहमति पत्र बना जिसमें कहा गया कि उनकी मांगों को मान लिया गया है एवं अनशन समाप्त करने की घोषणा की गई अनशन समाप्ति के बाद आजसू पार्टी के रांची जिला उपाध्यक्ष राज किशोर कुशवाहा ने कहा कि या जीत बुंडू अनुमंडल की जीत है उन्होंने बुंडू के आम जनता को आभार व्यक्त किया है।

मौके पर श्याम महतो, गुंजन इकिर मुंडा, बीना देवी, विजय सिंह मानकी, मंजू देवी, सिद्धार्थ साहू, हरिहर महतो, शुभम कुमार, सुख सारण महतो, भीम महतो, मिहिर सिंह मुंडा, नीतीश सिंह, आकाश महतो, आकाश बिट, संजय महतो, अजय सिंह, सुनील महतो, उमेश महतो, रवि महतो, उपेंद्र महतो, प्रदीप महतो, सिद्धार्थ मुंडा, पवन महतो, सुषेण प्रमाणिक, सावना महली सहित आजसू कार्यकर्ता शामिल थे।

# हरिप्रिया को उच्च शिक्षा दिलाने की विधायक सुदेश महतो ने ली जिम्मेवारी



**राहे (आजाद सिपाही)।** इंटर आर्ट्स 2023 की परीक्षा में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय राहे की छात्रा हरिप्रिया रानी राज्य के टॉप टेन में जगह बनाई थी। इसकी सफलता पर विधायक सुदेश महतो ओर बिरसा आर्चरी के अध्यक्ष नेहा महतो ने अपने आवास पर मुलाकात कर सम्मानित किये और बधाई दी। इस दौरान विधायक और नेहा महतो ने हरिप्रिया और उनके पिता अतुल कुमार महतो को आश्वस्त किया कि उच्च शिक्षा में हरसंभव मदद करेंगे। उच्च शिक्षा देने की जिम्मेवारी लेकर कहा कि खूब पढ़ो ओर आगे बढ़ो, जो भी जरूरत होगी पूरा किया जायेगा। हरिप्रिया रानी मेधावी छात्रा है और घर की आर्थिक स्थिति के कारण बेहतर रूप में उच्च शिक्षा ग्रहण कर पाना मुश्किल है।

# हाथियों के झुंड ने घर को किया क्षतिग्रस्त



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हेसाडीह पंचायत अंतर्गत बांधडीह गांव के एम हेमप्रसाद सिंह मुंडा के घर को हाथियों के झुंड ने क्षतिग्रस्त कर दिया है तथा इनका सब्जी के फसल को भी रौंद दिया है। सावडीह गांव के सुरेशचंद्र महतो, सुधीर महतो,रमेशचंद्र महतो, के सब्जी के फसल को रौंद दिया है। किसानों ने वन विभाग को सूचना देकर मुआवजा की मांग किया है। सोनाहातू पूर्वी में लगातार हाथियो का उत्पात जारी है ओर किसान हताश है। किसान वन विभाग के प्रति काफी आक्रोशित है। किसानों का आरोप है कि विभाग कोई पहल नही करता।

## प्रदर्शन : मणिपुर की घटना के विरोध में इंडिया गठबंधन ने जिला मुख्यालय में किया प्रदर्शन

# जातीय हिंसा के लिए केंद्र और मणिपुर की भाजपा सरकार जिम्मेवार : जुबैर अहमद

**मणिपुर की घटना से आदिवासी, दलित व दबे-कुचले लोगों के प्रति भाजपा की मानसिकता उजागर : कालीचरण मुंडा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** लगभग तीन महीने से जातीय हिंसा में बुरी तरह जल रहे मणिपुर की स्थिति को लेकर इडिया गठबंधन में शामिल दलों ने मंगलवार को खूंटी समाहरणालय के समक्ष सामूहिक धरना प्रदर्शन कियाा। झामुमो के जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद के नेतृत्व में आयोजित धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा विशेष रूप से शामिल हुए। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि मणिपुर की इस दुर्दशा के लिए केंद्र और मणिपुर की भाजपा सरकार पूरी तरह से जिम्मेवार है। तीन महीने से मणिपुर गंभीर जातीय हिंसा में जल रहा है। वहां रहने वाले आदिवासी समुदाय के लोग अपनी जान बचाने के लिए सब कुछ छोड़कर राहत कैंपों में रहने को मजबूर हो रहे हैं, लेकिन डबल इंजन की सरकार इस ज्वलंत समस्या से मुंह मोड़ हुए हैं। इससे यह लगता है कि मणिपुर में जारी हिंसा के पीछे कहीं ना कहीं डबल इंजन सरकार की मौन सहमति है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष काली चरण मुंडा ने कहा कि मणिपुर की घटना से आदिवासी, दलित व दबे-कुचले लोगों के प्रति भाजपा की मानसिकता देश में उजागर हो गई है, जिसका खमियाजा आगामी चुनाव में एनडीए गठबंधन को भुगतना पड़ेगा। उन्हांने कहा कि मणिपुर में आदिवासियों के साथ हो रहे उत्पीड़न की घटना से गांव गांव तक लोगों को जागरूक कर आदिवासियों के प्रति भाजपा की चाल, चरित्र व चेहरे को उजागर किया जाएगा।

धरना को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, राजद जिलाध्यक्ष शहजाद खान सहित अन्य वक्ताओं में भी। धरना-प्रदर्शन के बाद उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।

घंटो चले धरना-प्रदर्शन में झामुमो के केन्द्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, वीरेन्द्र सिंह, सुशील पाहन, सुदीप गुड़िया, जिला उपाध्यक्ष मगन मंजीत तिड़ू, डिक्शन पूर्ति, कोषाध्यक्ष भोलानाथ लाल, प्रवक्ता राजेन कुजूर, सचिव गुलशन सिंह मुंडा सहित बड़ी संख्या में झामुमो, कांग्रेस और राजद के कार्यकर्ता शामिल थे।

# पक्के आवास की आस में तोड़ दिये कच्चे मकान, अब बरसात में सिर छिपाने के लिए छत तक नहीं

**प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन, किस्त भुगतान की मांग की**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी नगर पंचायत के जमुवादाग के प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को अब तक किस्त का भुगतान नहीं होने से लाभुक न आवास का निर्माण करा पा रहे हैं और न ही उनके पास सिर छिपाने के लिए छत है।

इस समस्या को लेकर जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार के नेतृत्व में जमुवादाग और पिपराटोली के लाभुकों ने मंगलवार को उपायुक्त लोकेश मिश्र से मुलाकात की और अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया और राशि भुगतान को लेकर ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में कहा गया है कि जमुवादाग हरिजन बस्ती के 83 लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास आवंटित किया गया है। लाभुकों ने अपने पुराने कच्चे मकानों को तोड़कर उत्साह के सात आवास बनाना शुरू किया, लेकिन किस्त का भुगतान नही होने से सभी आवास अधूरे हैं।

ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने अपना कच्चा मकान भी तोड़ दिया है अब बरसात के दिनों में उन्हें भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि कई लाभुकों को तो अभी तक पहली किस्त का भी भुगतान नहीं किया गया है, जबकि कुछ लोगों को दूसरी किस्त का भुगतान नहीं हुआ है। जमुवादाग जाने के लिए न तो सड़क है और न ही साफ सफाई की व्यवस्था है। कहा गया कि अधिकारी केंद्र की योजनाओं को सही तरीके से धरातल में उतारने में लापरवाही बरतते है औरं इसका खामियाजा बस्ती के गरीब लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सांसाद प्रतिनिधि ने उपायुक्त से आग्रह किया कि वे जमुवादाग हरिजन बस्ती का दौरा कर स्थिति का जायजा ले और राशि भुगतान के साथ ही सड़क और अन्य सुविधा उपलब्ध कराने की पहल करें।

# कोचे मुंडा ने विधानसभा में जर्जर स्कूल भवन और पर्यटन स्थलों का मामला उठाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने मंगलवार को विधानसभा में तारांकित प्रश्न के तहत तोरपा प्रखंड के मध्य विद्यालय तोरपा, दियांकेल पंचायत के प्राथमिक विद्यालय पैरा और जरिया पंचायत के प्राथमिक विद्यालय उनुकदा के जर्जर विद्यालय भवनों का मामला उठाया और सदन से जानना चाहा कि सरकार इस संबंध में क्या कार्रवाई कर रही है।

इस पर विभागीय मंत्री द्वारा बताया गया कि मध्य विद्यालय तोरपा में 423 नामांकित छात्रों के लिए 17 क्लास रूम उपलब्ध हैं, जिनमें चार की स्थिति जर्जर है और उन्हें तोड़ने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पैरा में 161 छात्रों के लिए चार वर्ग कक्ष अच्छी स्थिति में हैं। प्राथमिक विद्यालय उनुकदा में नामांकित 12 छात्रों के लिए दो वर्ग कक्ष जर्जर अवस्था में है, जिसमें पठन-पाठन संचालित नहीं है। जर्जर कक्ष को तोड़ने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। बताया गया कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पठन-पाठन का कार्य विद्यालय भवन के समीप पारा शिक्षक के आवास पर किया जा रहा है। विधायक को कोचे मुंडा ने तारांकित प्रश्न के तहत खूंटी जिले के तोरपा, कर्रा और रनिया तथा सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड के पर्यटन केंद्रों को पर्यटन सूची में शामिल करने का मामला उठाया और पूछा कि क्या इन्हें सूची में शामिल कर इनके विकास की कोई योजना सरकार के पास है। इस पर विभागीय मंत्री द्वारा बताया गया कि पर्यटन स्थल अधिसूचित करने की प्रक्रिया निर्धारित है। जिला पर्यटन संवर्धन परिषद तथा बाद में राज्य पर्यटन संवर्धन समिति द्वारा विचार कर अनुशंसा करने पर विभाग द्वारा पर्यटन स्थल को अधिसूचित किया जाता है। खूंटी जिले के साथ सिमडेगा जिले के अन्य स्थानों को पर्यटन स्थल अधिसूचित करना जिला पर्यावरण पर्यटन संवर्धन परिषद और राज्य पर्यटन संवर्धन समिति की अनुशंसा पर निर्भर करता है।

# वज्रपात से युवक की मौत

**टायमारा (आजाद सिपाही)।** दशम फॉल थाना क्षेत्र के पानसकाम, डोमन टोली निवासी 22 वर्षीय युवक सहदेव अहीर पिता सुखलाल अहीर की हांजेद गांव के समीप वज्रपात की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार दोपहर के वक्त की है । मृतक युवक तैमारा साप्ताहिक बाजार आ रहा था।इसी बीच हांजेद गांव के सोसोघाटी के समीप हल्की बूंदा-बूंदी शुरू हो गयी तो वह वर्षा से बचने के लिए सड़क किनारे स्थित आम के पेड़ के नीचे आ गया।इसी बीच आम पेड़ पर बज्रपात हुई और युवक बज्रपात के चपेट में आ गया।घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गयी।इधर ग्रामीणों की सूचना के बाद दशम फॉल थाना पुलिस शव को कब्जे में ले ली है।पुलिस मंगलवार की सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### प्रमुख उप प्रमुख संघ ने डीसी का किया स्वागत, समन्वय बनाकर काम करने का किया आग्रह



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला प्रमुख उप प्रमुखः संघ के सदस्यों मंगलवार को जिले के नये उपायुक्त लोकेश मिश्र से मिलकर बुके देकर उनका स्वागत किया। संघ के अध्यक्ष अरुण साबू ने कहा कि नये उपायुक्त के नेतृत्व में प्रखंडों का तीव्र गति से विकास होगा। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया कि जनहित के लिए विकास कार्यो में विशेष रुचि लें। संघ की उपाध्यक्ष नेली डहंगा ने कहा कि प्रखण्ड के प्रमुख और उप प्रमुखों को आज तक कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया। इसके कारण कार्य निष्पादन में उन्हें परेशानी हो रही है। संघ के सचिव संतोष कर ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन में समन्वय स्थापित कर काम करने से ही योजनाओं का लाभ लोगों को मिलेगा। उन्होंने उपायुक्त से विकास कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराने का आग्रह किया। उपायुक्त ने कहा कि वे स्वयं प्रखंडों का दौरा कर विकास कार्यो। की वस्तुस्थिति की जानकारी लेंगे। मौके पर खूंटी, कर्रा, तोरपा, रनिया, अड़की और मुरहू के पमुख और उप प्रमुख उपस्थित थे।

### दो दिन की बारिश ने बुंडू नगर पंचायत की खोल दी पोल, जलजमाव से लोग परेशान

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** दो दिन की बारिश ने नगर पंचायत की पोल खोल कर रख दी है बुंडू नगर पंचायत में जगह जगह जलजमाव हो गया है कीचड़ से सड़क बजबजा रही है रॉकी हॉल गली बाबूराम टोली कठहर टोली आदि जगहों के सड़कों पर कीचड़ भरा हुआ है नगर पंचायत के नाली लगभग जाम हो गई है पूरे शहर में मच्छरों का आतंक छाया हुआ कुआ तालाब में कीड़े हो गए हैं और अभी तक ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नहीं हुआ है जिससे बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ नगर पंचायत लाख दावा कर ले की नगर पंचायत में साफ सफाई होती है लेकिन बरसात आते ही साफ सफाई की पोल खोल देती है।

### लपरा पंचायत में 70 डस्टबीन का वितरण



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** लपरा पंचायत में 15वे वित्त से 70 डस्टबीन का वितरण किया गया है।पंचायत भवन में मंगलवार को मुखिया पुतुल देवी ने डस्टबीन का वितरण किया।मुखिया के द्वारा स्कूल,आंगनबाड़ी केंद्र, थाना, मन्दिर,देवी मंडप,बाजार ,कॉलेज एव स्वास्थ्य केंद्र को डस्टबीन दिया गया है।कहा गया कि डस्टबीन का सही तरीके से उपयोग करने से अपने आसपास का परिसर स्वच्छ रहेगा।इस मौके पर जय प्रकाश यादव,गजाधर यादव,अनिल उरांव,शिवदेव साहू,त्रिलोकी प्रसाद साहू, वसंती देवी, अरविंद साव,सुरेंद्र दुबे,अरुण साहू,नेहा गिरी,संजय प्रसाद,गोपाल सिंह,मनोज शर्मा,सुनील गिरी,सुबोध रजक, कैलाश शर्मा, अर्जुन साहू, नागदीप यादव, भोला साहू, भरत साहू, कुलदीप प्रसाद साहू, यशोदा, जयंती देवी, सबिता देवी, उर्मिला देवी, लुलसी बाड़ा, सीता देवी, सुनीता देवी मौजूद थे।

### पिपरवार के बचरा में महिला जिम का उदघाटन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्टेशन रोड मे मंगलवार को हेल्दी लाईफ वुमेंश फिटनेश सेन्टर (महिला जिम) का का उदघाटन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह उपस्थित थी। उन्होने फीता काटकर एंव नारियल फोड़कर जिम का उदघाटन किया। इस मौके पर गुंजन सिंह ने कहा कि वर्तमान के इस दौर में स्वास्थ्य शरीर का होना बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य शरीर के लिए योगा और जिम करना अति आवश्यक है। बचरा मे महिला जिम के खुल जाने से यहां की महिलाओं को काफी लाभ मिलेगा। वहीं जिम संचालिका मुन मुखर्जी ने कहा कि कोयलांचल की महिलाओं को बेहतर सुविधा देने के लिए जिम में सभी सुविधा उपलब्ध रहेगी। यहां पर महिला प्रशिक्षकों के द्वारा जिम कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुबह 5 से 8 बजे और शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक जिम का संचालन किया जाएगा। इस मौके पर गुंजन कुमारी सिंह,मून मुखर्जी,गौरी सिकदर,शुभरा बनर्जी,रीता चौहान,विशाल गुप्ता,शकंर मुखर्जी, गंगा राम, किशन सिहं,धमेन्द्र साव,डेगन प्रजापति सहित कई लोग मौजुद थे।

### इमाम हुसैन की याद में फातिहा का हुआ आयोजन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के मदरसा गौसिया रिजविया राय के प्रांगण में मुहर्रम के तीजा के मौके पर जलसा का आयोजन किया गया। जलसा की शुरूआत मौलाना सिराजुद्दीन के द्वारा कुरान पाक की तिलावत के साथ की गई,जिसके बाद बाहर से आये हुए उलेमा मौलाना एवं नातखां के द्वारा एक से बढ़कर एक तकरीर और नात प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। अंत में इमाम हुसैन की याद में फातिहा का आयोजन किया गया। मौके पर हाफिज आलमगीर आलम, मौलाना रियाजउद्दीन, जुल्फिकार अली, जहीर अंसारी, इरफान आलम, राजू खान, मो. गोल्डेन, पप्पू खान, सादिक अंसारी, मो. हुसैन, महताब आलम, गुलाम अली, शाहनवाज आलम, नसीम अंसारी, राजा अख्तर, मो. दिलशाद, गुलाम अशरफ, मिस्टर, कमरुद्दीन मौजूद थे।

## बैठक : उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा, दिये कई निर्देश

# लक्ष्य बनाकर कर केसीसी के लक्ष्य को प्राप्त करें : लोकेश मिश्र

**झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत लक्ष्य की प्राप्ति के दिए निर्देश**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना और सूखा राहत योजना की प्रगति की समीक्षा की गई तथा किसानों को केसीसी ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। डीसी ने निर्देशित किया कि केसीसी से संबंधित लक्ष्य को शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि विस्तृत योजना बनाकर अनुपात में सुधार लाएं। उन्होंने कहा कि जिले के अधिसंख्यक लोग कृषि पर आश्रित हैं। इसलिए योग्य लाभुकों को शत प्रतिशत केसीसी से अच्छादित किया जाना जाना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना औरं सुखाड़ राहत योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। इस दिशा में सभी बैंकों को सक्रिय रूप से कार्य करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में जिले के विभिन्न बैंकों द्वारा केसीसी योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदन एवं लाभुकों को स्वीकृत किये गये ऋण की स्थिति सहित अन्य बिंदुओं की भी समीक्षा की गई। मौके पर उपायुक्त ने बीज विनिमय एवं वितरण (50 प्रतिशत अनुदान पर) किए गए बीज वितरण की समीक्षा की गई। झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत सभी किसानों को लाभान्वित करने के लक्ष्य की प्राप्ति के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत किए गए कार्यों की वर्तमान प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिले के प्रगतिशील किसानों की सूची बनाएं। साथ ही प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के संचालन सहित केज कल्चर एवं मत्स्य पालन गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात डीसी ने कही।

# आपसी सहमति के बाद अब सुचारू रूप से चलेगा रोड सेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** केडीएच के रैयत विस्थापित एव एकता मंच के बीच आपसी सहमति के बाद अब रोड सेल सुचारू रूप से चलेगा। एकता मंच के लोग पूर्व घोषित के तहत केडीएच में कांटा का काम बन्द कराने पहुंचे, जहां पहले से प्रबंधन के आग्रह पर कांटा घर के समीप भारी संख्या में सीआईएसएफ जवान एवं पुलिस जवानों को तैनात किया गया था। मंच के लोग नारेबाजी करते हुए लोडिंग की तरफ भी गए। खलारी थाना प्रभारी ने सभी को समझाया। उसके बाद केडीएच के रैयत विस्थापित एव एकता मंच के लोगों के बीच केडीएच परियोजना कार्यालय में वार्ता हुई। जिसमें रोजगार के मुद्दे पर आपसी सहमति बनी कि रोड सेल को सुचारू रूप से चले ताकि सभी रैयत विस्थापित एवं प्रभावित को रोजगार मिल सके। केडीएच प्रबंधन की उपस्थिति में रोजगार को लेकर आपसी गतिरोध समाप्त हो गया। रैयत विस्थापित मोर्चा ने कहा कि मोर्चा रोड सेल के माध्यम से सभी ग्रामीण को रोजगार मिले इसका हमेशा पक्षधर रहा है। किसी के साथ कोई अन्याय नहीं हो। बैठक में तय हुआ कि पूर्व की तरह ही रोड सेल चलेगा और संचालन उसी तरह रहेगा। कोई बदलाव नही किया गया है।

बैठक में पूर्व जिला परिषद सदस्य अब्दुल्ला अंसारी, रैयत विस्थापित की ओर से प्रमुख सोनी तिग्गा, विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी, चुरी पश्चिमी मुखिया शांति देवी, तुमांग मुखिया संतोष कुमार महली, जालिम सिंह, नरेश गंझू, विनय खलखो, रामलखन गंझू, दामोदर गंझू, प्रभाकर गंझू, सलामत असारी, इस्माईल अंसारी, लूरका गंझू, धर्मराज गंझू, किशुन गंझू, सिपता गंझू, राजेंद्र साहू, वीरू सिंह, सोनू गंझू, बालजीत तथा एकता मंच की ओर से जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, किरण देवी, निर्मला उरांव, शहीद असारी, इसराइल अंसारी, देवलाल, नसीम असारी सहित कई लोग मौजूद थे

## ट्रक की चपेट में आने से छात्र की मौत, ग्रामीणों ने किया एनएच-75 जाम



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के एनएच 75 पंडरी में मंगलवार को चौथी क्लास के पवन उरांव नामक छात्र को ट्रक ने कुचल दिया। जिससे छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि छात्र पवन उरांव पंडरी के पाकर टोली का रहने वाला था और बलसोकरा स्थित एक निजी विद्यालय में पढ़ता था। छुट्टी होने के बाद साइकिल से अपने घर लौट रहा था जिसके बाद पंडरी में ट्रक की चपेट में आ गया। मौके पर पहुंची चान्हो पुलिस छात्र के शव के साथ ट्रक को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची स्थित रिम्स भेज दिया। लेकिन जैसे ही पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा ग्रामीणों ने शव के साथ शाम करीब आठ बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 75 को जाम कर दिया। सूचना के उपरांत चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार अपनी टीम के साथ जाम स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों का समझाने का प्रयास कर रहे थे परंतु ग्रामीण मृतक के परिवार को नौकरी और नगद मुआवजा की मांग पर जाम स्थल पर डटे रहे। खबर लिखे जाने तक जाम नहीं हटा था। पुलिस लगातार जाम तुड़वाने के प्रयास में जुटी हुई थी।

## ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के नयासराय मुडमा गांव के समीप ट्रेन से कटकर एक 55 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। घटना सोमवार रात की बताई जा रही है। आंशका व्यक्त की जा रही है कि वह रेलवे लाइन के पोल संख्या 425/10 और पोल संख्या 425/11पोल के बीच पार कर रहा होगा तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। रात साढ़े नौ बजे लोहरदगा से रांची लौट रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने की बात कही जा रही है। ट्रेन की चपेट में आने से उसका शरीर दो हिस्सों में हो गया था साथ ही सिर और चेहरे भी बुरी तरह क्षत विक्षत हो गया था। सुबह छः बजे लोगों की नजर रेलवे लाइन पर पड़े शव पर गई और इसकी सूचना नगड़ी थाने को दी गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## बेड़ो के पुरियो में मुख्यमंत्री पशुधन के तहत 45 लाभुकों ने भरा फॉर्म



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पुरियो पंचायत भवन में मंगलवार को विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत दुधारू गाय का फॉर्म भरा गया। जिसमें कुल 45 ग्रामीणों ने फार्म भरा। विशेष ग्रामसभा की अध्यक्षता ग्राम प्रधान जयराम कच्छप ने किया। वही मुखिया नीरज कुजूर ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत दुधारू गाय योजना के बारे में ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दिया। इसके अलावे मुखिया ने ग्रामीणों को लाभुक अंशदान राशि के बारे में बताया।ग्रामसभा में मेधा डेयरी की संचालक पूनम देवी, रितेश गोप, अर्जुन महतो, सुनील भगत सहित कई ग्रामीण व गौपालक मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन उपमुखिया विजय उरांव ने किया।

## कांग्रेस कार्यकर्ता के निधन पर शोक व्यक्त

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम गुरुटोली निवासी सह कांग्रेस कार्यकर्ता भूषण कुमार महतो (41) का निधन सोमवार देर रात हो गया। भूषण महतो कुछ दिनों से लिवर के रोग से पीड़ित थे। जिसके बाद उन्हें रांची स्थित मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। भूषण महतो नामकुम प्रखंड कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता और समाजिक व्यक्ति थे। वे हमेशा समाज के विकास के लिये काम करते रहे। उनके निधन से कांग्रेस पार्टी ने एक मजबूत स्तंभ खो दिया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार दोपहर पाहन टोली के सपाही नदी स्थित मुक्तीधाम घाट पर कर दिया गया। उनके निधन पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप, कांग्रेस नेता रमेश पांडेय, जिप सदस्य बिपीन टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, रंजीत बड़ाईक, माधो कच्छप, शंकर गोप, अर्चना मिश्रा, संतोष कुमार बड़ाईक, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक, मुरलीधर कुमार, अनु बैक, महादेव मुंडा, नन्हे कच्छप, विजय टोप्पो, अमरनाथ मुंडा, अशोक कुजूर, सोनल कच्छप, चमन रजक, ज्ञानी मुंडा, रंजन मुंडा के साथ सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता ने शोक व्यक्त किया।

## अनगड़ा में ग्राम प्रधान संघ की हुई बैठक

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** ग्राम प्रधान संघ अनगड़ा इकाई की एक आवश्यक बैठक मंगलवार को होटल राजधानी गोंदलीपोखर में लोकनाथ पाहन की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाइक थे। बैठक में ग्राम प्रधानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए यथाशीघ्र इसके निराकरण की मांग की गई। कहा गया कि जबतक ग्राम सभा सशक्त नहीं होगी तबतक ग्राम प्रधान सशक्त नहीं हो सकते हैं। ग्रामसभा को मजबूती प्रदान करने के लिए सरकार को अनुसूचित घोषित क्षेत्र में पेसा कानून को पूर्णतः लागू करना होगा। ग्राम प्रधानों ने विगत दिनों मुख्यमंत्री द्वारा पेसा अधिनियम को प्रमुखता के साथ लागू किए जाने संबंधी दिए गए बयान का स्वागत किया। बैठक में प्रस्ताव पारित कर मांझी परगणैत की तरह ग्रामप्रधानों का मासिक मानदेय भी तीन हजार रुपया करने की मांग सीएम से की गई। बैठक में सोमरा उरांव, बिरसा उरांव, बाबूराम मुंडा आदि ग्राम प्रधान मौजूद थे।

## पिपरवार से श्रद्धालुओं का जत्था माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए हुआ रवाना



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बेंती पंचायत से सैकड़ो श्रद्धालु भक्तों का जत्था माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जम्मू रवाना हुआ। जानकारी के अनुसार बेती पंचायत के करीब 150 की संख्या मे श्रद्धालु भक्त खलारी रेलवे स्टेशन से जम्मू वैष्णो देवी कटरा के लिए रवाना हुए। इस दौरान सभी ने एक साथ जयकारा भी लगाया। इस संबंध मे श्रद्धालु भक्तो ने कहा कि माता वैष्णो देवी के दर्शन को लेकर स्थानीय भक्तो मे उत्साह का माहौल है। लंबे समय के बाद कोयलांचल क्षेत्र के श्रद्धालुओ को माता वैष्णो देवी के दर्शन का अवसर मिल रहा है।श्रद्धालुओं ने कहा कि माता वैष्णो के दर्शन के बाद क्षेत्र और राज्य की खुशहाली की कामना की जाएगी। यात्रा पर जाने वालों में मुख्य रूप से सिकेन्द्र प्रजापति, जयराम भुईयां, संतोष,केशरी,खजांची प्रजापति,कार्तिक राम,मनोज पासवान,बैजनाथ प्रजापति, तूफान भुईयां,सुरेन्द्र पासवान,नितेश प्रजापति, सूरज प्रजापति,राजेश पासवान,

**प्रदर्शन :** सुभाष मुंडा की हत्या के विरोध में काठीटांड़ चौक में कैंडल मार्च निकाला

# शीघ्र हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो जनमानस सड़क पर उतरने को मजबूर होगा : गीताश्री उरांव

**कैंडल मार्च के दौरान पुलिस-प्रशासन मुर्दाबाद, जमीन दलाल होश में आओ के क्रांतिकारी नारे लगाये गये**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** सुभाष मुंडा की हत्या के विरोध में मंगलवार की शाम केंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस-प्रशासन मुदार्बाद, जमीन दलाल होश में आओ के क्रांतिकारी नारे लगाये गये। माकपा नेता सुभाष मुंडा के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने से सभी आक्रोश में दिखाई दे रहे थे।

पूर्व प्रमुख सह स्व. मुंडा के भाई सुरेश मुंडा ने कहा कि घटना को कई दिन बीत गए हैं लेकिन अब तक अपराधियों की धरपकड़ नहीं हुई है। इस वजह से आज यह कैंडल मार्च निकाला गया है।

कैंडल मार्च में गीताश्री उरांव भी शामिल हुई। उन्होंने कहा कि प्रशासन को 12 घंटे का अल्टिमेटम दिया गया था लेकिन अभी तक परिणाम नजर नहीं आया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन शीघ्र हत्यारों की गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं करता है तो जनमानस सड़क पर उतरने को मजबूर होगा। कैंडल मार्च में जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, पूर्व जिप सदस्य अमर उरांव, अतुल राज, कुशल उरांव, असलम अंसारी, बेलाल अंसारी, महफूज अंसारी, राजीव मिश्रा, सुखदेव उरांव, सोमनाथ उरांव, सोमा लकड़ा, सुधिर मिंज, प्यारी उरांव, मोहन उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

## लोहरा जाति को अजजा में शामिल करने को लेकर किया प्रदर्शन

**लोहरा समाज के लोगों ने जाति प्रमाण पत्र बनाने की मांग को लेकर सीओ को सौंपा ज्ञापन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** लोहरा समाज लापुंग प्रखंड अध्यक्ष सुखु लोहरा की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज अंचलाधिकारी लापुंग के नाम, उनके अनुपस्थिति में प्रतिनियुक्त जेई इंद्रजीत राय को लिखित ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व सापुकेरा बाजार टांड़ लापुंग सुखु लोहरा के नेतृत्व में आम सभा की गयी। इसमें लोहरा जाति का प्रमाण पत्र नहीं बनने से यहां को लोगों को अपने बच्चे की शिक्षा से वंचित हो जाने की बात कही। खतियान में लिपिबद्ध छपाई में त्रुटि से लोहरा की जगह लोहार छप जाने से यहां के लोहरा जाति को काफी परेशानी होने की बात कही। ठुमा तिर्की ने कहा कि पूर्व में उनके पिता व बड़े भाइयों का अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र बना है। उनके अनुसार इनका जाति प्रमाण पत्र भी बने। इनका रहन सहन व खान पान व शादी विवाह आदिवासी से मिलता जुलता है। प्रशासनिक सुधार व राजभाषा विभाग 2006, जनजाति कल्याण समिति रांची से 2014 में इन्हें लोहरा का दर्जा मिला है, उसका जिक्र किया। इससे पूर्व में लोहरा जाति एसटी सीट पर जनप्रतिनिधि का चुनाव में शामिल हुए और कई पदों पर कार्यरत हैं। लापुंग की सड़क पर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी करते हुए बाजार टांड़ से थाना चौक व बिरसा चौक पहुंच कर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही लोहरा जाति को आदिवासी का दर्जा देना होगा देना होगा, अंचलाधिकारी के खिलाफ नारा लगाए।

मुख्य वक्ता केंद्रीय अध्यक्ष ठुमा तिर्की, उपाध्यक्ष दिलेश्वर लोहरा, मीडिया प्रभारी संजय लोहरा, बेड़ो से सोमरा लोहरा, बधु लोहरा, दिलीप लोहरा,घेंडा लोहरा,कार्यक्रम को सफल बनाने में लापुंग के हरिश्चंद्र लोहरा, अनिल लोहरा, बैजनाथ लोहरा, सुनीता बेक, सुन्नी कुमारी के अलावे दर्जनों लोहरा महिला-पुरुष सहित रैली में अनेक गांव से लोहरा समाज के लोग शामिल हुए।

## सेंट्रल मुहर्रम कमेटी करांजी-जराटोली ने किया अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन

**मंच में उपस्थित सभी अतिथियों को पगड़ी बांधकर किया गया सम्मानित**





आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के कराँजी गांव में मंगलवार को सेंट्रल मुहर्रम कमेटी कराँजी-जराटोली के द्वारा मेला मैदान में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेला मैदान में खिलाडियों ने हैरतंगेज प्रदर्शन किया। अखाड़े में शेरे इस्लामियां मोहर्रम कमिटि कराँजी, मिल्लन क्लब ईराकी मोहल्ला, मोहर्रम कमिटि रहमत नगर, मोहर्रम अखाड़ा चांदनी चौक जराटोली, कर्बला चौक जराटोली से अखाडेधारी पहुंचे। जहां मोजावर लाठी, भाले, तलवार सहित उपकरणों से उत्कृष्ट और मनमोहक प्रदर्शन कर लोगों का दिल जीत लिया। मेला मैदान में मंच में उपस्थित सभी अतिथियों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के अंत में आयोजन समिति के द्वारा खिलाड़ियों को पराईज देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि मुहर्रम त्याग और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा बेड़ो प्रखंड में हर त्योहार सामूहिक रूप में और हर समुदाय के लोग मिलजुल मनाते हैं, जो इस पर्व का संदेश भी है। ये पर्व आपसी भाईचारगी को मजबूती प्रदान करता है। मौके पर उपप्रमुख मोद्दसिर हक, थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम, मुखिया फ्रांसिस्का मिंज, मुखिया प्रतिनिधि बबलु खान, पूर्व पंचस अमीन अंसारी, सदर सोयब, परवेज आलम,इस्माईल अंसारी,रईफुद्दीन मिर्रदाहा, मंटा खान, सेक्रेट्री अब्दुल अंसारी, युसूफ अंसारी, जुलकरनैन अंसारी, मतिन अंसारी, तैयब अंसारी, नौसाद आलम, ऐनुल अंसारी, तैबुल, साजिद सहित कई लोग उपस्थित थे।

**पेयजल संकट :** बेड़ो केशा स्कूल में चापाकल खराब, पानी के लिए भटक रहे नौनिहाल

# ग्रामीणों के घर के पानी से बन रहा बच्चों का खाना, रसोईया व शिक्षक परेशान

**नौनिहालों व रसोइयों ने स्कूल परिसर में खराब पड़े चापाकल की मरम्मत कराने की मांग की है**






आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बच्चों का ठहराव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा भले ही तरह-तरह की योजनाएं संचालित की जा रही हैं। वहीं व्यवस्था में खामियों के कारण सरकार की योजना फलीभूत नहीं हो रही है। प्रखंड के केशा गांव में संचालित राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय जहां विगत एक वर्ष से चापाकल खराब होने के कारण स्कूल के नौनिहालों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। पानी की किल्लत से बच्चे, शिक्षक व मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोईया को हर दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूल की रसोईया को है। वहीं स्कूल में मध्याह्न भोजन का खाना बनाने वाली रसोइया नगीना खातून, रीना उराईन व रेणु देवी को गांव के ग्रामीणों के घर से निजी बोरिंग से हर दिन माथा में ढोकर बार-बार जाकर पानी लाना पड़ता है। तब जाकर बच्चों का मिड डे मील का खाना बनता है। जबकि विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभाग व पेयजलापूर्ति विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया है। लेकिन उनके उदासीन रवैया के कारण विद्यालय का इकलौता चापाकल पिछले एक साल से खराब पड़ा हुआ है। वहीं स्कूल के बच्चे किताब से भरी बैग के साथ पीने के पानी को ढोने पर विवश हैं। विद्यालय में कुल 280 छात्र-छात्राएं पढ़ने के लिए आते हैं। वहीं विद्यालय में 200 बच्चों का प्रतिदिन मध्याह्न भोजन का खाना बनाया जाता है। जिसके लिए कई लीटर पानी की आवश्यकता होती है। जहां विद्यालय के बच्चे यहां पानी की समस्या से प्रतिदिन जूझ रहे हैं। लेकिन इन स्कूली बच्चों की पीड़ा सुनने वाला अब तक ना ही कोई जनप्रतिनिधि और ना ही कोई प्रखंड के पदाधिकारी स्कूल पहुंचकर बच्चों की समस्या सुने हैं। सब कुछ कागज पर दुरुस्त चल रहा है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां करती हैं। नौनिहालों व रसोइयों ने जिम्मेदारों से स्कूल परिसर में खराब पड़े चापाकल की यथाशीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है। इधर स्कूल की प्रधानाध्यापिका फिलिसितास तिग्गा ने स्कूल में पानी की समस्या को देखते हुए पेयजल की व्यवस्था शीघ्र कराए जाने की मांग की है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## वाईबीएन विश्वविद्यालय ने फैकल्टी विकास कार्यक्रम का किया आयोजन




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग) और आईक्यूएसी एवं सुधा डेयरी रांची के साथ सहयोग से फैकल्टी विकास कार्यक्रम का आयोजन सुधा डेयरी प्लांट सभागार में हुआ। मौके पर मो. मजीदुद्दीन ने कहा कि जब बात आती है कि कौन सा दूध ब्रांड सबसे स्वास्थ्यप्रद है तो इसका उत्तर मदर डेयरी है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) द्वारा निर्मित। मदर डेयरी को भारत में सर्वश्रेष्ठ गाय दूध ब्रांड के रूप में जाना जाता है। उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे खुले में रखे दूध के पैकेट न खरीदें। उन्हें उन खुदरा विक्रेताओं से दूध खरीदना चाहिए जो इसे डीप फ्रीजर/रेफ्रिजरेटर में रखते है। आयोजन में मुख्य रूप से वाईबीएन विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी यादव, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. श्रीरमन दुबे, एचआर निदेशक अरविन्द कुमार, डॉ आशीष सरकार निदेशक, आईक्यूएसी, एवं डॉ. अर्पणा शर्मा डीएसडब्ल्यू सह एसोसिएट डीन, एसओएजी एंड एएच एवं सभी संकाय के डीन एवं कार्यक्रम के आयोजन में डॉ आशीष सरकार निदेशक आईक्यूएसी, वाईबीएनयू, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ. अंजनी कुमार सिंह, ई कुमारी विनीता सहा. प्रोफेसर सह विभागाध्यक्ष ईसीई एवं मो. मजीदुद्दीन सीईओ सुधा डेयरी, रांची का अहम योगदान रहा।

## जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिले पूर्व मुखिया रितेश उरांव, सौंपा ज्ञापन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** लालखटंगा पंचायत के पूर्व मुखिया रितेश उरांव मंगलवार को रांची जिला शिक्षा पदाधिकारी से लालखटंगा पंचायत के गढ़खटंगा में स्थित जीयूएमएस मॉडल विद्यालय के शिक्षकों को एक साथ सरप्लस करने को लेकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को एक पत्र भी सौंपा। श्री उरांव ने पत्र में लिखा कि सत्र 2022-23 में कुल 202 (72+130) छात्र नामांकित थे। विद्यालय में स्वीकृत इकाई 07 है। जिसके विरूद्ध 06 सरकारी शिक्षक कार्यरत है। विद्यालय में वर्ग 1+5 हेतू 01 पारा शिक्षिका एवं वर्ग 6+8 में दो पारा शिक्षिका (विज्ञान एवं र.रळ) कार्यरत है । शिक्षक ट्रांसफर में कुल कार्यरत ( सराकारी ) 06 शिक्षकों में से पांच शिक्षकों को सरप्लस दिखाया गया है। ऐसी स्थिति में विद्यालय में मात्र एक सरकारी शिक्षक रहेंगें। विद्यालय में आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लास लाईब्रेरी स्थापित है। एक साथ पांच-पांच शिक्षकों को सरप्लस करने से विद्यालय संचालन में काफी कठिनाई होगी। साथ ही उन्होंने लिखा है कि स्कूल को पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों ने मिलकर एक आर्दश स्कूल बनाने के लिए काफी संघर्ष और मेहनत किया है। ऐसे में अगर एक साथ शिक्षकों का सर्पलस कर दिया जाता है तो इस से बच्चों की शिक्षा पर बेहद खराब प्रभाव पड़ेगा।

## समेकित क्षेत्रीय केंद्र नामकुम दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने चलाया स्वच्छता अभियान



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है तथा यह हमारे जीवन की प्राथमिकता भी है। स्वच्छता से हम अपने जीवन की सुखमय बना सकते है। स्वच्छता से जहां शरीर स्वस्थ रहता है वहीं स्वच्छता तन और मन दोनों की खुशी के लिए आवश्यक है। महात्मा गांधी का कथन था कि 'स्वच्छता ही सेवा है। हमारे देश के लिए हमारे जीवन में स्वच्छता की बहुत जरूरत है। गंदगी हमारे आसपास के वातावरण और जीवन को प्रभावित करती है। स्वच्छता के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अधीन कार्यरत समस्त राष्ट्रीय व क्षेत्रीय केंद्रों में सफाई को लेकर एक अभियान चलाया गया। यह अभियान 31 जुलाई को संपन्न हुआ। इस क्रम में समेकित क्षेत्रीय केंद्र नामकुम ने भी अपने परिसर वह अपने आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान चलाया। केंद्र के कर्मियों ने केंद्र परिसर के साथ-साथ आसपास के विद्यालयों व आंगनवाड़ी केंद्रों का भी भ्रमण किया। आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा उन केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों को भी स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। स्वच्छता अभियान के दौरान यह भी बताया गया कि स्वच्छ भारत अभियान-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की 145वीं जयंती पर चलाया गया एक महत्वपूर्ण अभियान है। यह अभियान नई दिल्ली के राजघाट से शुरू किया गया था। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कई योजनाएं शामिल की गई है, जिसमें ग्रामीणों के घरों में शौचालाय निर्माण प्रमुख हैं, जिससे लोग आस पास की स्वच्छता का महत्व समझेंगे और वातावरण को स्वच्छ रखेंगे। अभियान के दौरान सैकड़ों लोग प्रधानमंत्री के इस अभियान से प्रेरणा प्राप्त किए तथा अपने आसपास के घरों में स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रण लिया।

## केसीबी कॉलेज बेड़ो में आईए प्रथम वर्ष की कक्षाएं आज से शुरू होंगी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो में बुधवार से इण्टरमीडिएट प्रथम वर्ष में नामांकित विद्यार्थियों की कक्षाएं सुबह सात बजे से रूटीन के तहत शुरू होंगी। यह जानकारी संस्थान के इण्टरमीडिएट प्रभाग के प्रभारी प्रो नितेश पासवान ने दी है।

